Do IT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

कमांक प.3(117)सूप्रौ/लेखा/08/I/20634/2014 जयपुर दिनांक 02.07.2014

जिला कलक्टर
भरतपुर

विषय :– जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर पदस्थापित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्मिको के वेतन भत्तो के भुगतान किये जाने हेतु आहरण वितरण के अधिकार प्रदान किये जाने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बजट मनुअल वोल्युम प्रथम के बिन्दु संख्या 8.12 में दिये प्रावधान के अनुसार नियन्त्रक विभाग किसी अन्य अधिकारी , जो उसके अधीनस्थ नहीं है, को अपने नियन्त्राणाधीन बजट शीर्षो से राशि आहरण वितरण के अधिकार वित्त विभाग द्वारा प्रदान करवा सकता है। स्वाभाविक है कि ऐसे प्रकरणो मे सम्बन्धित अधिकारी, जिन्हे वित्त विभाग द्वारा उक्त प्रावधानान्तर्गत विशिष्ठ आहरण एवं वितरण की शक्तियां प्रदान की गयी है, बिना वित्त विभाग एवं नियन्त्रक विभाग की अनुमति के प्रदत्त आहरण वितरण की शक्तियों को अपने अधीनस्थ अन्य कार्यालय को हस्तान्तरित नहीं कर सकता है।

उक्त प्रावधानान्तर्गत इस विभाग के नियन्त्राणाधीन विभिन्न बजट शीर्षो में आपको आपके अधीन पदस्थापित सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियो के वेतन भत्तो के भुगतान एवं आईटी की अन्य परियोजनाओ (ई–सुगम एवं ई–मित्रा आदि) के संचालन हेतु आवंटित बजट से राशि आहरण वितरण के अधिकार वित्त विभाग द्वारा प्रदान किये गये है। आईएफएमएस से प्राप्त रिर्पोट के अनुसार आपको बजट शीर्ष 3454-02-203-(01)[02] (आयोजना) में आवंटित राशि में से आपके अधीन तहसीलदारो द्वारा राशि आहरित की जा रही है, जो कि बजट मनुअल वोल्युम प्रथम के बिन्दू संख्या 8.12 में दिये प्रावधान के विपरीत है। अतः कृपया नियमानुसार वेतन भत्तो के भुगतान हेतु एवं आईटी की अन्य परियोजनाओ (ई–सुगम एवं ई–मित्रा आदि) के संचालन हेतु सम्बन्धित बजट शीर्षो में आवंटित राशि को जिला कलेक्टर द्वारा मुख्यालय पर ही आहरित किया जाना सुनिश्चित किया जावें।

सादर।

(राजकुमार मीणा)
वित्तीय सलाहकार

प्रतिलिपि :–

1. जिला कलेक्टर समस्त को विभागीय लेखा शीर्ष 3454-02-203-(01)[02] या 3454-02-789-(01)[03] या 3454-02-796-(02)[03] (जो भी लागू हो) के कम में उक्तानुसार समान आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
2. सुश्री सोनिया चतुर्वेदी एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) प्रभारी जिला समन्वय
3. श्रीमती दीपशिखा सक्सेना एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) को वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत

वित्तीय सलाहकार

f3(117)